संपादकीय

# और पाबंदियां नहीं

दो साल से कोरोना के साये में सख्तियों के बीच जीने को मजबूर देशवासियों को थोड़ी और राहत मिली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और वित्तीय राजधानी मुंबई में अब मुंह पर मास्क लगाए रखना अनिवार्य नहीं रहा। दिल्ली में मास्क न लगाने वालों पर अब जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार ने भी 2 अप्रैल से कोविड संबंधी सारी पाबंदियां खत्म करने का एलान किया है। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक जैसे कई अन्य राज्यों में या तो पाबंदियां पूरी तरह हटा ली गई हैं या उनमें कमी लाई गई है या उस पर गंभीरता से विचार करने की बात कही गई है। जाहिर है, इसके पीछे कोरोना के मामलों में देश भर में आई गिरावट है। रोज सामने आने वाले नए मामलों की संख्या अब बारह से साढ़े बारह सौ के बीच आ गई है। देश में कोरोना के कुल एक्टिव मामले अभी 14307 हैं। अगर इन्फेक्शन के सभी मामलों में इसका अनुपात देखें तो यह मात्र 0.03 फीसदी बैठता है। दिल्ली में कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित बिस्तरों में 99.4 फीसदी खाली हैं। जाहिर है, ऐसी स्थिति में कोरोना से जुड़े प्रतिबंध जारी रखते हुए लोगों की स्वाभाविक गतिविधियों में बाधा डालने का कोई मतलब नहीं बनता। इससे आर्थिक विकास की धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही प्रक्रिया भी बाधित होगी। मगर सबसे बड़ी बात इस संदर्भ में यह है कि कोरोना की महामारी का स्वरूप पहले दिन से वैश्विक रहा है। इसलिए सिर्फ अपने देश की स्थितियों के आधार पर इसका मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। और जहां तक विदेशों की बात है तो यह कई देशों में आज भी एक बड़ा खतरा बना हुआ है।

खासकर चीन एकाधिक बार इसे काबू में कर लेने के बावजूद अभी एक बार फिर कई इलाकों में सख्त लॉकडाउन घोषित करने पर मजबूर हुआ है। ऐसे में इसे हम बीती हुई बात के रूप में नहीं ले सकते। संभवतः इसीलिए अपने देश में भी सरकारें पाबंदिया हटाने की घोषणा करते हुए भी नागरिकों को सलाह यही दे रही हैं कि वे मास्क पहनने और दो गज दूरी रखने जैसी सावधानियों में अपने स्तर पर कमी न आने दें।

यह भी स्पष्ट है कि आम लोगों पर से भले पाबंदियां हटाई जा रही हों, अस्पतालों में आ रहे मामलों के जरिए कोरोना की स्थिति पर भी नजर रखी जाएगी और तय किए गए तबकों में तेज टीकाकरण के माध्यम से उसके खिलाफ लड़ाई भी पूरी तत्परता से जारी रखी जाएगी। इसलिए जरूरी है कि आम नागरिक पाबंदियां हटाने के इस फैसले को कोरोना से मुक्ति के संकेत के रूप में न लें। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि वायरस से लड़ाई के मौजूदा चरण में कानून की सख्ती के मुकाबले नागरिकों की समझदारी को ज्यादा कारगर माना जा रहा है।

# जनवरी में 93.22 लाख उपभोक्ताओं ने छोड़ी जियो की सेवा, एयरटेल से जुड़े 7.14 लाख




**नई दिल्ली ।** वायरलेस टेलीफोन बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो की इस वर्ष जनवरी में 9322583 उपभोक्ताओं ने सेवा छोड़ दी जबकि इस अवधि में मात्र एकमात्र भारती एयरटेल 714199 नये ग्राहकों को जोडऩे में कामयाब रही है।

दूरसंचार नियामक ट्राई की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 में रिलायंस जियो ने 2.24 प्रतिशत यानी 93 लाख 22 हजार 583 ग्राहक गंवा दिये वहीं इस दौरान भारती एयरटेल एकमात्र ऐसी कंपनी रही, जिसने 0.20 प्रतिशत की मासिक वृद्धि के साथ सात लाख 14 हजार 199 नये ग्राहक जोडऩे में सफल रही। हालांकि उसने अपने कुल उपभोक्तओं की संख्या में टाटा टेलीसर्विसेज के ग्राहकों की संख्या को शामिल किया है।

आलोच्य अवधि में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के 0.33 प्रतिशत यानी 377520 ग्राहक, वोडाफोन आइडिया के 0.15 प्रतिशत 389082 ग्राहक, रिलायंस कम्युनिकेशंस के 0.08 प्रतिशत यानी तीन और एमटीएनल के 0.01 प्रतिशत अर्थात 431 उपभोक्तओं ने सेवा छोड़ दी है।

इस दौरान रिलायंस जियो की बाजार हिस्सेदारी सबसे अधिक 35.49 प्रतिशत रही। इसके बाद एयरटेल 31.13 प्रतिशत, वोडाफोन आइडिया 23.15 प्रतिशत, बीएसएनएल 9.95 प्रतिशत, एमटीएनएल 0.28 प्रतिशत और रिलायंस कम्युनिकेशंस की बाजार हिस्सेदारी 0.0003 प्रतिशत रही। 31 जनवरी 2022 की स्थिति के अनुसार, निजी सेवा प्रदाताओं के पास वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या का 89.76 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी जबकि दो सार्वजनिक क्षेत्र के टेलीफोन सेवा प्रदाताओं बीएसएनएल और एमटीएनएल के पास 10.24 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी।

इस तरह दिसंबर 2021 तक कुल मोबाइल फोन उपभोक्तओं की संख्या एक अरब 15 करोड़ 46 लाख 20 हजार थी, जो जनवरी 2022 में 0.81 प्रतिशत घटकर एक अरब 14 करोड़ 52 लाख 40 हजार रह गई। इस दौरान वायरलेस दूरसंचार घनत्व 84.17 प्रतिशत से कम होकर 83.43 प्रतिशत पर आ गई।

आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में देश में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या एक अरब 17 करोड़ 84 लाख 10 हजार से 0.76 प्रतिशत घटकर एक अरब 16 करोड़ 94 लाख 60 हजार पर आ गई। इस दौरान समग्र देश में दूरसंचार घनत्व 85.91 प्रतिशत से कम होकर 85.19 प्रतिशत रह गया है।

# स्टॉक मार्केट में जबरदस्त उछाल, सेंसेक्स फिर 60 हजार के पार



**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सूचकांक 839 अंक की तेजी के साथ एक बार फिर से 60 हजारी हो गया। यह सूचकंक 60,116 के स्तर पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी सूचकांक ने 224 अंक उछलकर 17,895 के स्तर पर कारोबार शुरू किया। कारोबार शुरू होने के साथ ही दोनों इंडेक्स में तेजी भी बढ़ती गई और सेंसेक्स 1300 अंक तक उछल गया। फिलहाल, सेंसेक्स 1268 अंक या 2.14 फीसदी की तेजी लेते हुए 60,545 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं दूसरी ओर निफ्टी लंबी छलांग लगाते हुए 18000 के पार पहुंच गया है। निफ्टी सूचकांक 343 अंक की बढ़त लेकर 18,013 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

वहीं दूसरी तरफ देश की दिग्गज होम लोन देने वाली कंपनी एचडीएफसी का एचडीएफसी बैंक में मर्जर किया जाएगा। हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंशियल कार्पोरेशन के बोर्ड ने इसकी अनुमति दे दी है। मर्जर के तहत एचडीएफसी बैंक के 42 शेयर के बदले एचडीएफसी के 25 शेयर मिलेंगे। इस मर्जर के बाद एचडीएफसी बैंक का हाउसिंग लोन पोर्टफोलियो काफी मजबूत हो जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले नए वित्त वर्ष के पहले दिन बीते शुक्रवार को शेयर बाजार तेज बढ़त के साथ बंद हुआ था। बीएसई का सेंसेक्स 708 अंक उछलकर 59,277 के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि एनएसई का निफ्टी सूचकांक 205 अंक की तेजी के साथ 17,670 के स्तर पर बंद हुआ था।

# शेयर बाजार ने आज किया धमाकेदार प्रदर्शन, 18 हजार के ऊपर बंद हुआ निफ्टी

**नई दिल्ली।** आज शेयर बाजार ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। एचडीएफसी की खबर आने के बाद स्टॉक मार्केट झूम उठा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन को 1335.05 अंकों या 2.25प्रतिशत की बढ़त के साथ 60,611.74 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में आज 382.95 अंकों की बढ़त देखने को मिली। सोमवार को निफ्टी 18,053.40 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में आज एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर रहे। निफ्टी में आज एचडीएफसी बैंक के शेयरों 9.83प्रतिशत की उछाल देखने को मिली। वहीं, सेंसेक्स में एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 9.97प्रतिशत की उछाल देखी गई। कोटक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी के शेयर भी आज हरे निशान के ऊपर बंद हुए। वहीं, टायटन के शेयरों में आज गिरावट देखने गई है।

# मार्च में भारत की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां धीमी हुईं; उत्पादन, बिक्री पर भी असर



**नई दिल्ली ।** भारत की विनिर्माण गतिविधियों में मार्च 2021 में नरमी देखने को मिली, और इस दौरान मुद्रास्फीति की चिंताओं के चलते कारोबारियों का भरोसा कम होने से कंपनियों के नए ऑर्डर और उत्पादन की रफ्तार कम हुई। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च में 54.0 पर था, जो फरवरी में 54.9 पर था। मार्च के आंकड़े उत्पादन और बिक्री में सितंबर 2021 के बाद से सबसे कमजोर वृद्धि को दर्शाते हैं। हालांकि, लगातार नौ महीनों से कुल परिचालन दशाओं में सुधार का रुख जारी है। पीएमआई की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ विस्तार होता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल की अर्थशात्री पॉलियाना डी लीमा ने कहा कि कि वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में भारत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि कमजोर हुई है और कंपनियों ने नए ऑर्डर तथा उत्पादन में नरमी की बात कही है। इस दौरान रासायन, ऊर्जा, कपड़ा, खाद्य पदार्थ और धातु जैसे क्षेत्रों में कच्चे माल की लागत बढ़ी। हालांकि इन सबके बीच मार्च में कंज्यूमर सेंटीमेंट पिछले 12 महीनों की तुलना में ऊंचा दिखा। मार्च में प्रोडक्ट्स की खपत बढ़ी हुई है। परिवारों में घरेलू खर्च में 62प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला। जो कि पिछले महीने की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है।

# श्रीलंकाई क्रिकेटरों ने अपने देश की दुर्दशा पर चिंता जताई



**कोलंबो।** श्रीलंका अपनी आजादी के बाद से सबसे बुरे संकट के दौर से गुजर रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए खेलने वाले कई पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों ने अपनी मातृभूमि की वर्तमान स्थिति के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। पूर्व कप्तान और श्रीलंका की पुरुष सीनियर टीम के वर्तमान सलाहकार कोच, पुरुष अंडर-19 और श्रीलंका ए टीम, महेला जयवर्धने, साथ ही कुमार संगकारा, भानुका राजपक्षे और वनिन्दु हसरंगा, जो आईपीएल में हैं, ने अपनी चिंता व्यक्त की हालिया विरोध और सरकार द्वारा आपातकालीन कानून और कर्फ्यू लगाकर विरोध करने के लोगों के अधिकारों को दबाने के प्रयासों पर।

महेला ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं श्रीलंका में आपातकालीन कानून और कर्फ्यू को देखकर दुखी हूं। सरकार उन लोगों की जरूरतों को नजरअंदाज नहीं कर सकती, जिन्हें विरोध करने का पूरा अधिकार है। ऐसा करने वाले लोगों को निर्धारित करना स्वीकार्य नहीं है और मुझे बहादुर श्रीलंकाई और वकीलों पर बहुत गर्व है। जो उनके बचाव के लिए दौड़ पड़े।

सच्चे नेता गलतियों के मालिक होते हैं। हमारे देश के लोगों को उनकी पीड़ा में एकजुट होने की रक्षा करने के लिए यहां बहुत जरूरी है। ये समस्याएं मानव निर्मित हैं और सही, योग्य लोगों द्वारा तय की जा सकती हैं। इस की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने वाले कुछ लोग देश ने लोगों का विश्वास खो दिया है और उसे खड़ा होना चाहिए। हमें देश को विश्वास और विश्वास देने के लिए एक अच्छी टीम की जरूरत है।

उन्होंने पोस्ट किया, यह समय बहाने बनाने या बर्बाद करने का नहीं, विनम्र होने और सही काम करने का समय है। इस बीच, राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच संगकारा ने विरोध करने वाले श्रीलंकाई लोगों का समर्थन करते हुए उनके संघर्ष को सही ठहराया। संगकारा ने इंस्टाग्राम पर लिखा , श्रीलंकावासी कल्पना के सबसे कठिन समय से गुजर रहे हैं। लोगों और परिवारों की निराशा को देखकर दिल दहल जाता है, क्योंकि वे इसे बनाने के लिए संघर्ष करते हैं और उनके लिए प्रत्येक दिन कठिन होता जाता है। लोग आवाज उठा रहे हैं और पूछ रहे हैं कि क्या है समाधान।

# पंजाब की बड़ी जीत, चेन्नई की हार की हैट्रिक



**मुंबई ।** पंजाब किंग्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को रविवार को 54 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की जबकि चेन्नई को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल इतिहास में चेन्नई की इससे ज्यादा खराब शुरुआत पहले कभी नहीं हुई।

पंजाब किंग्स ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 180 रन बनाये और चेन्नई को 18 ओवर में 126 रन पर ढेर कर दिया। पंजाब की तीन मैचों में यह दूसरी जीत है।

पंजाब की जीत के हीरो रहे लियाम लिविंग्स्टन, जिन्होंने मात्र 32 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। लिविंग्स्टन ने गेंदबाजी में भी अपने हाथ दिखाते हुए 25 रन पर दो विकेट झटके।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की टीम शुरुआत में दो विकेट जल्द गंवाने के बाद शिखर धवन 33, लियाम लिविंग्स्टन 60 और जितेश शर्मा 26 की बेहतरीन पारियों से वापसी की और टीम 200 के स्कोर की तरफ बढ़ रही थी लेकिन चेन्नई ने अंतिम पांच ओवरों में मात्र 35 रन दिए और पंजाब को 180 रन पर रोक दिया। लेकिन फिर लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाए।

धवन ने 24 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाया जबकि लिविंग्स्टन ने मात्र 32 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। जितेश ने 17 गेंदों पर तीन छक्के जड़े। कैगिसो रबादा ने नाबाद 12 और राहुल चाहर ने 12 रन बनाये।

चेन्नई की तरफ से क्रिस जॉर्डन और ड्वेन प्रिटोरियस ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई की शुरुआत खराब रही। ऋतुराज गायकवाड मात्र एक रन बनाकर दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर कैगिसो रबादा का शिकार बन गए। रोबिन उथप्पा 13 रन बनाकर टीम के 14 के स्कोर पर आउट हुए। मोईन अली खाता खोले बिना वैभव अरोड़ा की गेंद पर बोल्ड हो गए। अम्बाती रायुडू 13 रन बनाकर ओडीन स्मिथ का शिकार बने। इससे पहले कप्तान रवींद्र जडेजा खाता खोले बिना अर्शदीप सिंह की गेंद पर बोल्ड हो गए। चार विकेट पॉवरप्ले में गंवाने के बाद चेन्नई की टीम मुकाबले में नहीं लौट सकी।

# आमिर के साथ पहली बार पर्दे पर नजर आएंगी आलिया



आलिया भट्ट ने कई बड़े निर्देशकों और अभिनेताओं के साथ काम किया है, लेकिन उन्हें कभी बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के साथ काम करने का मौका नहीं मिला। अब खबर है कि अभिनेत्री जल्द ही आमिर के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। हालांकि, यह कोई फिल्म नहीं, बल्कि कमर्शियल होगा, जिसके लिए दोनों साथ आ रहे हैं। खबर है कि आलिया के इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया जल्द ही एक विज्ञापन में आमिर खान के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। मुंबई फिल्म सिटी में बीते दिन इसकी शूटिंग हुई है। यह एक शानदार कॉन्सेप्ट है, जिसमें आमिर और आलिया साथ में बेहद क्यूट लग रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब आलिया को इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव मिला तो वह फूली नहीं समाई। वह पहली बार आमिर के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित और खुश थीं।

आलिया इससे पहले फिल्म डियर जिंदगी में शाहरुख खान के साथ काम कर चुकी हैं। उनकी इस फिल्म की दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी तारीफ की थी। फिल्म इंशाअल्लाह में उनकी जोड़ी सलमान खान के साथ बनी थी, लेकिन यह फिल्म डिब्बाबंद हो गई।

बता दें कि दिल्ली में फिल्म आरआरआर के प्रमोशनल इवेंट में भी आमिर और आलिया को स्टेज शेयर करते हुए देखा गया था।

# बीस्ट के ट्रेलर ने इंटरनेट पर मचाया तहलका




अभिनेता विजय ने निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार की विस्फोटक एक्शन थ्रिलर बीस्ट में वीरराघवन नामक एक जासूस की भूमिका निभाई है, जिसकी कहानी एक मॉल के अंदर होती है। फिल्म के निर्माताओं ने बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर का एक ट्रेलर जारी किया, जिसमें निर्देशक सेल्वाराघवन को फिल्म में एक वार्ताकार की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। ट्रेलर से पता चलता है कि ईस्ट कोस्ट मॉल नामक एक मॉल को आतंकवादियों ने घेर लिया है और सरकार द्वारा एक वार्ताकार (सेल्वाराघवन) को उनके साथ बातचीत करने के लिए बुलाया जाता है।

वार्ताकार को यह जानकर राहत मिली कि सबसे अच्छे जासूसों में माने जाने वाले वीरराघवन (विजय) नामक एक भारतीय सैनिक मॉल के अंदर है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** नौकरी या व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी सृजनात्मकता और नए विचारों की वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सराहना की जाएगी। आपमें धार्मिक तथा आध्यात्मिक विषयों में विशेष रुचि जागृत होगी।

***वृष:*** आज आप पर्स में पैसे भरकर खरीददारी करने निकालेंगे और अच्छी खरीद करेंगे। दिन के अधिकांश भाग का समय आप घर, बाहर और दुकानदारों के साथ मोलभाव करने में व्यतीत करेंगे।

***मिथुन:*** आज आपके स्वभाव में गुस्से की मात्रा बढऩे के कारण अमुक व्यक्ति के साथ झगड़े होने की संभावना है। ये व्यक्ति आपके साथ बैर रखकर आप पर कीचड़ उछाल सकते हैं, परंतु आप अपनी पहुंच का उपयोग करके उनका सामना कर सकेंगे।

***कर्क:*** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। जिन लोगों ने जमीन खरीदी थी और अब उसे बेचना चाहते हैं, उन्हें आज कोई अच्छा खरीददार मिल सकता है।

***सिंह:*** आज आप प्रेम में सराबोर रहेंगे। अपने प्रिय व्यक्ति या जीवनसाथी को भेंट देने का आपका मन होगा। हरेक व्यक्ति के प्रति आपका व्यवहार दयालु और कोमल होगा, परंतु दोपहर बाद गुस्सा आने जैसी परिस्थिति निर्मित होगी।

***कन्या:*** आज विचारों की दृढ़ता आपको इच्छित परिणाम प्राप्त करने में मदद करेगी। आपका दृष्टिकोण विशाल बनेगा और वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार आप स्वयं बदलने की कोशिश करेंगे। दूसरी तरफ आप अपने प्रियतम के समक्ष प्रेम का इकरार करने में इतराएंगे।

***तुला:*** प्रेम का माधुर्य और प्रिय व्यक्ति की निकटता पाने के लिए आज अनुकूल दिन है। शाम का समय प्रियतमा के साथ किसी होटल रेस्तरां या पार्टी में आनंदपूर्वक बिताएंगे। मानसिक रूप से स्फूर्तिपूर्ण दिन होगा।

***वृश्चिक:*** जल्दी ही बीमारी से उबरने की संभावना है। आर्थिक रूप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे। ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे। सबको अपनी महफ़िल में दावत दें।

***धनु:*** आज के चुनौतीपूर्ण दिन आप महत्त्वपूर्ण कार्य हाथ में ले सकते हैं। इन कार्यों में आपको सफलता मिलेगी और प्रगति भी होगी। आज का दिन आशावादी और आनंददायक होगा।

***मकर:*** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी। आपके घर से जुड़ा निवेश फ़ायदेमंद रहेगा। कुल मिलाकर फ़ायदेमंद दिन है। अपने बच्चों को आज समय का सदुपयोग करने की सलाह दे सकते हैं। मतभेदों की एक लंबी शृंखला के पनपने के कारण आपको सामंजस्य बिठाने कें मुश्किल आएगी।

***कुंभ:*** आप अपने उत्तरदायित्वों से दूर नहीं भागेंगे। आप कार्य में पूर्णतः स्वयं को समर्पित करने के लिए तैयार रहेंगे। पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने की आपकी यह तैयारी सफलता दिलाने में आपकी मदद करेगी।

***मीन:*** सेहत से जुड़े कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने के लिए अच्छा दिन है। आज धन आपके हाथ में नहीं टिकेगा, आपको धन संचय करने में आज बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# नवरात्रि में बनाएं 'ढोकला'



नवरात्रि के दौरान थकान, सिरदर्द और कमजोरी की प्रॉब्लम न हो इसके लिए कुछ ऐसा खाते रहें जिससे बॉडी को एनर्जी मिलती रहे, इसके लिए बेस्ट है ये ढोकला।

## सामग्री :

कुट्टू का आटा- 1 कप, सिंघाड़े का आटा- 1/2 कप, दही- 1/2 कप, अदरक (कद्दूकस किया)- 1 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, वेजिटेबल ऑयल- 1 टीस्पून, ईनो- 1 टीस्पून, नारियल (कद्दूकस किया)- 1 टेबलस्पून, ताजी धनिया (कटी हुई)- 1 टेबलस्पून] **तड़के के लिए-** वेजिटेबल ऑयल- 1 टेबलस्पून, जीरा- 1 टीस्पून, हरी मिर्च कटी हुई- 1 टीस्पून

## विधि :

सबसे पहले ढोकला मोल्ड को तेल या घी से ग्रीस करके किनार रख लें।? एक बर्तन में कुट्टू, सिंघाड़े का आटा, अदरक, दही, नमक और तेल मिक्स करें। बैटर इडली जैसा तैयार होना चाहिए तो आवश्यकतानुसार इसमें पानी भी मिला सकते हैं। बैटर को ढक्कन लगाकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें। स्टीमर में पानी गरम होने के लिए रख दें। अगर बैटर बहुत ज्यादा गाढ़ा हो गया है तो इसमें थोड़ा और पानी मिलाया जा सकता है। 10 मिनट बाद इसमें ईनो मिलाकर अच्छे से मिक्स करें। इस बैटर को अब ढोकला मोल्ड में डालें। स्टीमर में मोल्ड को रखकर कम से कम 20-25 मिनट तक पकाएंगे। ढोकला पक गया है या नहीं इसके लिए इसमें चाकू डालकर देखें। चाकू अगर साफ निकल आए तो ढोकला रेडी है लेकिन अगर उसमें पेस्ट लगा हुआ है तो उसे और पकाने की जरूरत है। पकने के बाद मोल्ड को स्टीमर से बाहर निकालें और थोड़ा ठंडा होने का इतंजार करें। इसके बाद ढोकला को काट लें। पैन में तेल गर्म करें। इसमें जीरे और हरी मिर्च का तड़का लगाएं। इसके बाद इसमें कटे हुए ढोकले डाल दें। ऊपर से कद्दूकस किया नारियल और धनिया की पत्ती डालें। तैयार है ढोकला सर्व करने के लिए।

# शब्द सामर्थ्य- 32

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 031 का हल



# सू-दोकू- 32

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.031 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |